(Rs. in lakhs)

Year	Development	Maintenanc
1991-92	1634.00	1284.35
1992-93	2230.00	1071.51

No proposal is under consideration for extension of NH-55 at present.

An amount of Rs. 2800.00 lakhs has been tentatively allocated for development of National Highways including NH-55 in West Bengal during 1994-95.

भारत में जलमार्गों पर चलने वाली निजी और सरकारी नौकाएं

2520. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में राजमार्गों पर चलने वाली निजी और सरकारी नौकाओं की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या निजी नौकाओं को चलाने के लिये कोई लाइसेंस जारी किया जाता है; और

(ग) क्या लाइसेंस जारी करने से पहले उसकी चालन व सुरक्षा क्षमता की जांच की जाती है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री जगदीश टाइटलर**) : (क) भारत में जलमार्गों पर प्रचालित नौकाओं की कोई गणना नहीं की गई है । तथापि, यंत्रचालित पोतों के बारे में यह कहा जा सकता है कि उनका पंजीकरण, अन्तर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के अधीन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा यथा अधिसूचित पंजीकरण प्राधिकारियों द्वारा किया जाता है।

(ख) कोई भी यंत्रचालित पोत, जिसमें निजी पोत भी शामिल है, अन्तर्देशीय जल मार्ग प्रणाली का उपयोग कर सकता है, बशर्ते कि उसके पास अन्तर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के अन्तर्गत अन्तर्देशीय जलमार्गों में चलने संबंधी योग्यता के लिए किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया वैध सर्वेक्षण और पंजीकरण प्रमाण पत्र हो ।

(ग) संबंधित राज्य सरकार को अन्तर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के तहत लाइसेंस जारी करने से पहले यंत्रचालित पोतों की यात्रा/सुरक्षा की क्षमता आदि की जांच करनी होती है ।

अहमदाबाद–बड़ौदा एक्सप्रेस राजमार्ग का विस्तार

2521. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अहमदाबाद और बड़ौदा के बीच बनाये जा रहे एक्सप्रेस राजमार्ग का विस्तार बम्बई तक करने के लिए एक सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस परियोजना पर कितनी लागत आयेगी ; और

(घ) यह कार्य कब तक शुरू किया गया ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री जगदीश टाइटलर**) : (क) जी हां ;

(ख) प्रस्तावित बम्बई-बड़ौदा एक्सप्रेसवे का व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर